# CIVIL SERVICES (MAIN) EXAM-2022

**CRNA–S–ANTPL**

## नृविज्ञान (प्रश्न-पत्र–II)

| निर्धारित समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250 |
|---|---|

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

## ANTHROPOLOGY (PAPER–II)

| Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250 |
|---|---|

### QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग *150* शब्दों में लघु टिप्पणी लिखिए :

Write short notes on the following in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* कश्मीर के गर्तवासी

Pit-dwellers of Kashmir

*(b)* वर्ण एवं बुद्धधर्म

Varna and Buddhism

*(c)* धर्म बनाम रिलिजन

Dharma versus Religion

*(d)* भारत में भाषाई अल्पसंख्यकों हेतु परिरक्षण

Safeguards for linguistic minorities in India

*(e)* पश्चिमीकरण एवं आधुनिकीकरण

Westernisation and Modernisation

**2.** *(a)* भारतीय मानवशास्त्र में इरावती कर्वे के योगदान का उल्लेख कीजिए। उनके साहित्यिक योगदान का विशेष उल्लेख कीजिए।

Illustrate the contribution of Irawati Karve to Indian Anthropology. Make a special mention of her literary contribution. 20

*(b)* नर्मदा मानव को *होमो इरेक्टस* संवर्ग से हटाने के तर्क क्या हैं?

What are the arguments for excluding Narmada Man from *Homo erectus* category? 15

*(c)* भारतीय जाति व्यवस्था के उद्भव पर डॉ॰ बी॰ आर॰ अम्बेडकर के तार्किक विचारों का समालोचनात्मक विवरण प्रस्तुत कीजिए।

Critically describe Dr. B. R. Ambedkar's argument on the origin of Indian caste system. 15

**3.** *(a)* उत्तर-पूर्व भारत के विशेष संदर्भ में भारतीय महापाषाण परम्परा का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Make a critical appraisal of Megalithic tradition in India with special reference to North-East India. 20

*(b)* भारतीय ग्रामों के अध्ययन में एस॰ सी॰ दूबे के योगदान का मूल्यांकन कीजिए।

Assess the contributions of S. C. Dube in Indian village studies. 15

(c) सर हर्बर्ट होप रिज़ले द्वारा भारतीय जनसंख्या के वर्गीकरण में चयनित प्रविधियों का वर्णन कीजिए। रिज़ले के वर्गीकरण के विरुद्ध समालोचनाएँ क्या हैं?

Describe the methods adopted by Sir Herbert Hope Risley in classifying Indian populations. What are the criticisms against Risley's classification? 15

4. (a) "वैश्वीकरण ने जहाँ एक तरफ अवसर प्रदान किया वहीं वह दूसरी तरफ भारतीय गाँवों के लिए चुनौती बन गया।" व्याख्या कीजिए।

"Globalisation, on one hand has provided opportunities and on the other hand thrown challenges to Indian villages." Elucidate. 20

(b) गुजरात के आद्य-इतिहास का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कीजिए। गुजरात आद्य-इतिहास के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में महत्त्व की विवेचना कीजिए।

Describe briefly the proto-history of Gujarat. Discuss the significance of Gujarat proto-history in international trade. 15

(c) भारत में 'ईसाइयत के स्वदेशीकरण' का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Critically examine 'Indigenisation of Christianity' in India. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग *150* शब्दों में लघु टिप्पणी लिखिए :

Write short notes on the following in about *150* words each : 10×5=50

(a) राष्ट्रीय एकीकरण में क्षेत्रवाद एक अवसर एवं जोखिम

Regionalism as an opportunity and threat to national integration

(b) जनजातीय खेतिहर मजदूरों के मुद्दे

Issues of tribal agricultural labourers

(c) यायावर एवं अर्ध-यायावर समूहों की प्रमुख समस्याएँ

Major problems of nomadic and semi-nomadic groups

(d) पाँचवीं अनुसूची क्षेत्रों में राज्यपाल की भूमिका

Role of the Governor in the Fifth Schedule areas

(e) ऑस्ट्रोएशियाटिक भाषाएँ

Austroasiatic languages

6. (a) एकीकृत जनजातीय विकास परियोजनाओं (आइ० टी० डी० पी०) के उद्देश्यों की विवेचना कीजिए। इन उद्देश्यों को कहाँ तक प्राप्त किया जा चुका है?

Discuss the objectives of Integrated Tribal Development Projects (ITDPs). How far have these objectives been achieved? 20

(b) पेसा (पी० ई० एस० ए०) के अन्तर्गत पारम्परिक 'जनजातीय परिषदों' के संचालन की तुलना 'ग्राम सभाओं' से कीजिए।

Compare the functioning of traditional 'Tribal Council' with that of 'Gram Sabha' under PESA. 15

(c) ब्रिटिश नीतियों ने जनजातियों के प्रमुख संसाधनों को कैसे प्रभावित किया है? स्पष्ट कीजिए।

Explain how British policies impacted the major resources of the tribals. 15

7. (a) जनजातीय समाजों पर जी० एस० घुर्ये तथा वेरियर एल्विन के दृष्टिकोणों की विवेचना कीजिए। भारतीय जनजातीय समाजों के प्रति भारत सरकार की नीतियाँ क्या हैं?

Discuss the views of G. S. Ghurye and Verrier Elwin on the approach towards tribal populations. What are the policies of the Government of India towards Indian tribal populations? 20

(b) भारत में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के मुद्दों एवं इनके समाधानों की विवेचना कीजिए।

Discuss the issues and solutions related to the Scheduled Caste and the Scheduled Tribe populations in India. 15

(c) जनजातीय एवं गैर-जनजातीय समाजों में सम्पर्क द्वारा उत्पन्न सामाजिक एवं धार्मिक परिणामों को स्पष्ट कीजिए।

Explain the social and religious consequences of contact between tribal and non-tribal populations. 15

8. (a) उत्तर-पूर्व एवं मध्य भारत में जनजातीय आन्दोलनों के स्वरूप की तुलना कीजिए। इन क्षेत्रों में निवर्तमान जनजातीय आन्दोलनों की वर्तमान स्थिति का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए।

Compare the nature of tribal movements between North-East and Central India. Briefly mention the current status of existing tribal movements in these areas. 20

(b) विकास पर मानवशास्त्रीय दृष्टिकोण का संक्षिप्त विवरण दीजिए। भारत के ग्रामीण विकास में मानवशास्त्रियों ने कैसे योगदान दिया है?

Briefly describe the anthropological perspective on development. How have anthropologists contributed in India's rural development? 15

(c) झूम कृषि के संदर्भ में आजीविका प्रसंग एवं पर्यावरणीय अवक्रमण के मध्य कैसे संतुलन बनाया जा सकता है?

How can a balance be struck between livelihood concern and environmental degradation in the context of shifting cultivation? 15

★★★